## बिहार सरकार
## सहकारिता विभाग
## ।। अधिसूचना ।।

पटना, दिनांक– 16/02/26

सं०सं०–01/रा०स्था०(SPARROW SYSTEM)–49/2021 सह०/ 1024 बिहार सहकारिता सेवा (प्रशासनिक एवं अंकेक्षण) सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों के वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति के संबंध में पूर्व में निर्गत अधिसूचना संख्या–1764 दिनांक–20.05.2022 द्वारा SPARROW System के तहत बिहार सहकारिता प्रशासनिक एवं अंकेक्षण सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों का ससमय कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन आलेखन के लिए प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी निर्धारित किया गया है, जो क्रमशः परिशिष्ट "क" एवं "ख" में निर्धारित है।

2. वर्त्तमान में राज्य सरकार द्वारा वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति आलेखन में अनावश्यक विलम्ब के फलस्वरूप प्रोन्नति इत्यादि कार्यो में समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सरकारी सेवा के पदाधिकारियों का निर्धारित समयावधि में ससमय कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन (Performance Appraisal Report) अभिलिखित किया जाना है, परन्तु प्रतिवेदित पदाधिकारी के प्रत्यक्ष नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण, कार्य क्षेत्र की प्रकृति में भिन्नता तथा प्रशासनिक दृष्टि से सुगम एवं प्रभावी बनाने के आलोक में कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन आलेखन हेतु निर्धारित प्रतिवेदक एवं समीक्षी पदाधिकारियों में संशोधन की आवश्यकता को देखते हुए परिशिष्ट "क" को और युक्तिसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है, जिससे कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन (Performance Appraisal Report) अभिलेखन की प्रक्रिया को निर्धारित समयावधि में निष्पादित किया जा सके।

3. उक्त के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–1764 दिनांक–20.05.2022 द्वारा निर्धारित परिशिष्ट "क" में अपेक्षित संशोधन किया जाता है। संशोधित परिशिष्ट "क" संलग्न है।

4. बिहार सहकारिता प्रशासनिक एवं अंकेक्षण सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों का वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति/कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन के अभिलेखन के संबंध में पूर्व में निर्गत अधिसूचना संख्या–1764 दिनांक–20.05.2025 के शेष बिन्दु यथावत रहेंगे।

5. यह संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह०/–
(स्मृति कुमारी)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक ........................................./पटना, दिनांक ........................................
01/रा०स्था०(SPARROW SYSTEM)–49/2021 सह०

प्रतिलिपिः– प्रधान महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–

ज्ञापांक 1024 / पटना, दिनांक 16/02/26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / विकास आयुक्त बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, समान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / सचिव, गृह विभाग (आरक्षी शाखा) बिहार, पटना / सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के निजी सहायक / अपर सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना / संयुक्त सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना / निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक / उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य सहकारी बैंक लि०, पटना / सभी जिला पदाधिकारी, बिहार / सभी शीर्ष सहकारी संस्थान / सभी संयुक्त निबंधक, स०स० (प्रशासनिक एवं अंकेक्षण) बिहार / सभी उप निबंधक, स०स०, बिहार / सभी उपमुख्य अंकेक्षक, स०स०, बिहार / सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी / सभी प्रबंध निदेशक / महाप्रबंधक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि० / सभी सहायक निबंधक, स०स० / सभी जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, स०स० / विभागीय आई०टी०मैनेजर को ई–मेल एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/2/26

सरकार के उप सचिव।

## अनुलग्नक "क"
## सहकारिता विभाग

बिहार सहकारिता सेवा (प्रशासनिक प्रभाग) के प्रतिवेदित पदाधिकारियों का वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति अभिलेखन हेतु प्रतिवेदन, समीक्षी एवं स्वीकरण प्राधिकार का संशोधित निर्धारण सूची :—

| क्र॰ सं॰ | प्रतिवेदित पदाधिकारी का नाम | प्रतिवेदक प्राधिकार का पदनाम | समीक्षी प्राधिकार का पदनाम | स्वीकरण प्राधिकार का पदनाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अपर निबंधक, स॰स॰, बिहार, पटना। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | मा॰ मंत्री, सहकारिता। | |
| 2 | प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, स॰स॰। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | मा॰ मंत्री, सहकारिता। | |
| 3 | संयुक्त निबंधक, स॰स॰, बिहार / संयुक्त निबंधक, स॰स॰ (पणन) / **सदस्य, बिहार स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिकरण।** | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | मा॰ मंत्री, सहकारिता। | |
| 4 | प्रमडलीय उप निबंधक, स॰स॰। | प्रमडलीय संयुक्त निबंधक, स॰स॰। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | |
| 5 | उप निबंधक, स॰स॰ (मुख्यालय) / न्यायिक / (ईख) / विशेष पदाधिकारी (उपभोक्ता)। | संयुक्त निबंधक, स॰स॰। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | |
| 6 | जन सम्पर्क पदाधिकारी / सहायक निबंधक, स॰स॰, बिहार (अवकाश रक्षित / प्रशिक्षण रक्षित)। | संयुक्त निबंधक, स॰स॰। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | |
| 7 | सचिव, बिहार स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिकरण। | अध्यक्ष, बिहार स्वावलम्बी सहकारी समिति अधिकरण। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | |
| 8 | जिला सहकारिता पदाधिकारी। | जिला पदाधिकारी। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | |
| 9 | आंचलिक सहायक निबंधक, स॰स॰। | जिला सहकारिता पदाधिकारी। | **प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, स॰स॰।** | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | |
| 10 | प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, पूसा। | प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, स॰स॰। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | |
| 11 | सहायक निबंधक, स॰स॰ (खादी), बिहार, पटना। | संयुक्त निबंधक, स॰स॰, पटना। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | |
| 12 | सहायक निबंधक, स॰स॰ (हस्तकरघा / बुनकर), उद्योग विभाग। | उप निदेशक (हस्तकरघा)। | निदेशक हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, पटना। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | |
| 13 | प्रबंध निदेशक, शीर्ष / राज्य स्तरीय सहकारी संस्था। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | मा॰ मंत्री, सहकारिता। | |
| 14 | **उप महाप्रबंधक, बिहार राज्य सहकारी बैंक।** | **प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य सहकारी बैंक।** | **निबंधक, स॰स॰, बिहार।** | **सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग।** | |
| 15 | प्रबंध निदेशक / मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक। | **प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य सहकारी बैंक।** | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | |

| क्र॰ सं॰ | प्रतिवेदित पदाधिकारी का नाम | प्रतिवेदक प्राधिकार का पदनाम | समीक्षी प्राधिकार का पदनाम | स्वीकरण प्राधिकार का पदनाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 16 | **महाप्रबंधक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि॰।** | **प्रबंध निदेशक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि॰।** | **प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य सहकारी बैंक।** | **निबंधक, स॰स॰, बिहार।** | |
| 17 | व्याख्याता, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, पूसा। | प्राचार्य सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, पूसा। | प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, स॰स॰। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | |
| 18 | राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी, समेकित सहकारी विकास परियोजना, बिहार। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | मा॰ मत्री, सहकारिता। | |
| 19 | सहायक अनुश्रवण पदाधिकारी / महा प्रबंधक, समेकित सहकारी विकास परियोजना। | राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी, समेकित सहकारी विकास परियोजना, बिहार। | निबंधक, स॰स॰, बिहार। | सचिव / प्रधान सचिव / अपर मुख्य सचिव सहकारिता विभाग। | |

नोट :– वार्षिक गोपनीय अभ्युक्ति का अभिलेखन यथासम्भव नियंत्री पदाधिकारी के बढ़ते क्रम द्वारा अभिलेखित होगा।